# प्रगतिशील संघ का धरना जारी, 21 को महापड़ाव कि चेतावनी

## शिक्षकों के वेतन नियमितीकरण को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के समक्ष अनवरत रूप से जारी

**जालोर, (कासं)।** राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील जालोर की ओर से 2022 में नियुक्त शिक्षकों के वेतन नियमितीकरण को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के समक्ष शिक्षकों का धरना शुक्रवार को चौथे दिन अनवरत रूप से जारी रहा।

संगठन के जिला अध्यक्ष लुबाराम चौधरी के अनुसार आज ब्लॉक भीनमाल के शिक्षकों ने ब्लॉक अध्यक्ष लाडुराम माजू के नेतृत्व में बडी संख्या में शिक्षको ने प्रदर्शन कर राजस्थान के शिक्षा मंत्री को ज्ञापन प्रस्तुत किया एवं संगाठन प्रतिनिधि मंडल ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया। संगठन प्रतिनिधियों ने कलेक्टर से वार्ता की संगठन प्रतिनिधियों ने स्पष्ट कहा की जिला शिक्षा अधिकारी जानबूझकर के इस समस्या को अटका रहे हैं जिस पर कलेक्टर ने संगठन को भरोसा दिया कि 21 अक्टूबर को जिला शिक्षा अधिकारी को आदेश करने के लिए पाबंद करूंगा। शुक्रवार को संगठन प्रतिनिधि मंडल ने जोगेश्वर गर्ग मुख्य सचेतक राजस्थान विधानसभा जयपुर को ज्ञापन प्रस्तुत कर शिक्षकों की समस्याओं के समाधान का आग्रह किया। जिस पर मुख्य सचेतक ने आश्वासन दिया कि शिक्षकों की वाजिब समस्या का निराकरण अति शीघ्र कर दिया जाएगा। धरने में प्रदर्शन के कार्यक्रम के अवसर पर संगठन के मुख्य महामंत्री पूनम चंद बिश्नोई ने जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि 20 अक्टूबर तक वेतननियमतिकरण के आदेश जारी नहीं हुई तो जालौर और सांचौर के शिक्षक बहुत बडा आंदोलन महापडाव डाल करके शिक्षा अधिकारी के कार्यालय का घेराव किया जाएगा। धरने एवं प्रदर्शन के कार्यक्रम में सांचौर के जिला अध्यक्ष रामनिवास साहू ने कहा कि जान बूझकर बदनियती से जिला शिक्षा अधिकारी आदेश करने में टालमटोल कर रहे हैं।



राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील जालोर की ओर से 2022 में नियुक्त शिक्षकों के वेतन नियमितीकरण को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के समक्ष शिक्षकों का धरना अनवरत रूप से जारी ।

- **जालोर में शिक्षक संघ प्रगतिशील का विभिन्न मांगो को लेकर धरना प्रदर्शन जारी है।**

## माडोली हत्याकांड के अनशन को मिल रहा समर्थन

**जालोर, (कासं)।** निकटवर्ती पुलिस थाना रामसीन के मांडोली नगर गांव में व्यवसायी गणपतसिंह के निर्मम हत्या प्रकरण को लेकर हो रहा आंदोलन उग्र रूप ले रहा है। राजपूत समाज और सर्व समाज के समर्थन से मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन व क्रमिक अनशन के रूप में चल रहा है। शुक्रवार को ग्राम देलदरी के ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय पर चल रहे क्रमिक अनशन को अपना समर्थन देते हुए बडी संख्या जालोर आकर आक्रोश व्यक्त किया। जिला कलेक्टर जालौर और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंप कर त्वरित कार्यवाही की मांग कर जल्द प्रकरण का खुलासा करने की बात रखी। देलदरी के ग्रामवासियों ने प्रशासन को आंदोलन तेज करने हेतु आगाह कर अपराधी को पकडने की कार्यवाही पर वार्ता की।

इस दौरान नाथूसिंह, जालमसिंह, ईश्वरसिंह, गणपतसिंह, जयनारायण परिहार, दलपतसिंह, महेंद्रसिंह, भोम राजपुरोहित, देवी सिंह पूरनसिंह सहित देलदरी व ग्रामवासियों सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### छात्राओं से आवेदन पत्र आमन्त्रित किए

**जालोर, (कासं)।** अल्पसंख्यक मामलात विभाग द्वारा शैक्षणिक 2024-25 के लिए जिला मुख्यालय जालोर पर प्रस्तावित अल्पसंख्यक बालिका छात्रावास में प्रवेश के लिए अध्ययनरत अल्पसंख्यक वर्ग की छात्राओं से आवेदन पत्र आमन्त्रित किए गए हैं।जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ललित कुमार ने बताया कि अल्पसंख्यक मामलात विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 की अवधि में जिला मुख्यालय जालोर पर प्रस्तावित अल्पंसख्यक बालिका छात्रावास में प्रवेश के लिए कक्षा 9 से उच्चतर कक्षाओं, पाठ्यक्रम व कोचिंग संस्थाओं (विद्यालयों, महाविद्यालयों, शिक्षण संस्थाओं व व्यावसायिक शिक्षण संस्थाओं आदि) में अध्ययनरत अल्पसंख्यक छात्राओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना के तहत जालोर शहर से बाहर की निवासी ऐसी छात्राएँ पात्र हैं, जो जिला मुख्यालय जालोर पर अध्ययनरत हैं तथा जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय अधिकतम 8 लाख रूपये से कम है। उन्होंने बताया कि आवेदन पत्र आवश्यक अर्हताओं व दस्तावेजों संबंधी विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है। आवेदन पत्र मय वांछित दस्तावेज कार्यालय जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी जालोर में डाक द्वारा जिला कार्यालय की मेल आईडी अथवा व्यक्तिशः जमा करवाये जा सकते हैं।

### वन स्टॉप सेन्टर का औचक निरीक्षण

**पाली ।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार आज विक्रम सिंह भाटी, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला न्यायाधीश), पाली द्वारा राजकीय बांगड़ चिकित्सालय, पाली में संचालित सखी वन स्टॉप सेन्टर का औचक निरीक्षण किया गया। सचिव भाटी द्वारा केन्द्र प्रबन्धक सुश्री देवी बामणिया से सखी वन स्टॉप सेन्टर पर पीड़िताओं के लिये आवासीय सुविधाओं इत्यादि के संबंध में जानकारी ली गई। केन्द्र में घरेलू हिंसा पीड़ितों के लिए अस्थाई आवास की सुविधा उपलब्ध है। निरीक्षण के दौरान सखी वन स्टॉप सेन्टर के रिकॉर्ड का अवलोकन किया गया। केन्द्र पर दर्ज प्रकरणों की समीक्षा में पाया गया कि केन्द्र द्वारा सक्रिय व प्रभावी रूप से कार्य किया जा रहा है। सेन्टर पर सहायता हेतु पीड़ित महिलाओं को प्रदान की गई सहायता के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। काउंसलिंग हेतु पीड़ित महिला को हर संभव सहायता प्रदान करने एवं विधिक सहायता अपेक्षित होने पर निःशुल्क विधिक सहायता हेतु प्राधिकरण को आवेदन पत्र प्रेषित किये जाने के संबंध में सचिव भाटी द्वारा केन्द्र प्रबन्धक को निर्देश दिये गये। वन स्टॉप सेन्टर के विभिन्न रजिस्टरों एवं पत्रावलियों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए एवं विगत माह के आंकडे एकत्रित किए। निरीक्षण के दौरान केन्द्र प्रबन्धक देवी बामणीया, सोनीया जोशी, गीता आदि उपस्थित रहें।

### युवा महोत्सव का आयोजन

**पाली ।** शासन सचिव युवा मामले एवं खेल विभाग एवं अध्यक्ष युवा बोर्ड के निर्देशानुसार युवा महोत्सव का आयोजन किया जायेगा युवाओं में राज्य की विलुप्त हो रही परम्परागत लोक संस्कृति एंव कला विधाओं विज्ञान प्रौधोगिकी व नवाचार को संरक्षण एवं प्रोत्साहन के लिये इसका आयोजन राज्य ,संभाग ,जिला एवं ब्लाक स्तर पर किया जायेगा जिसमें इनके विजेताओं को राष्ट्रीय व अन्राष्ट्रीय आयोजन में प्राथमिकता दी जायेगी जिसमें ब्लॉक स्तर युवा महोत्सव एक दिन का 20 अक्टूबर से 15 नवम्बर व जिला स्तर पर 16 नवम्बर से 12 दिसम्बर व संभाग स्तर पर 13 दिसम्बर से 20 दिसम्बर के अन्दर किया जाना प्रस्तावित है यह आयोजन मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा आयोजित करवाया जायेगा।इसमें विजेताओं को पुरूस्कार भी प्रदान किये जायेंगे।

### चयन समिति का गठन

**पाली ।** जिले में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 के अन्तर्गत उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में युवकों, महिलाओं तथा अन्य व्यक्तियों द्वारा किए गए प्रयासों को मान्यता देने तथा उन्हें प्रोत्साहन देने की दृष्टि से उपभोक्ता संरक्षण के लिए पुरस्कार / प्रशस्ति पत्र प्रदान करने हेतु जिला कलक्टर की अध्यक्षता में चयन समिति का गठन किया गया है।जिला रसद अधिकारी ने बताया कि इस चयन समिति में पदेन जिला रसद अधिकारी संयोजक, पदेन जिला प्रमुख सदस्य एवं मनोनीत सदस्य नूतन बाला कपिला अध्यक्ष नूतन पहल महिला समिति पाली रहेगी।इस संबंध में उपभोक्ता संरक्षण के लिए उत्कृष्ठ कार्य करने वाले 20 से 40 वर्ष की आयु वर्ग के सभी युवक-युवतियां पात्र है। प्रशस्ति पत्र हेतु सभी व्यक्ति, जिन्होंने उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य किया है वे आवेदन पत्र मय विस्तृत दिशा-निर्देश जिला रसद कार्यालय पाली में दिनांक 31 दिसम्बर 2024 तक व्यक्तिगत उपस्थित होकर प्राप्त कर सकते है। उक्त आवेदन पत्र मय दस्तावेज जिला कलक्टर कार्यालय पाली में दिनांक 31 जनवरी 2025 तक जमा कराने की अंतिम तिथि रहेगी।

### जल वितरण समिति की बैठक 24 को

पाली । जवाई बांध से फसल रबी (विक्रम संवत 2081) सन् 2024-25 के लिए सिंचित क्षेत्र में नहरी पानी देने एवं पीने के पानी के आरक्षण हेतु जल वितरण / उपयोगिता समिति की बैठक संभागीय आयुक्त पाली की अध्यक्षता में 24 अक्टूबर को दोपहर 02:00 बजे जवाई बांध विश्राम गृह मेंआयोजित की जाएगी।

### ई-केवाईसी की अवधि 30 तक बढाई

**पाली, ।** सर्वोच्च न्यायालय में पारित निर्णय 19 मार्च, 2024 के संबंध में समस्त राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत पात्र लाभार्थियों की ई-केवाईसी की अवधि 30 नवम्बर 2024 तक बढ़ायी गयी है।जिला रसद अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में जिले के समस्त उचित मूल्य दुकानदारों को सूचित किया कि वे अपनी पॉस मशीन के माध्यम से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत सभी पात्र सदस्यों 30 नवम्बर 2024 तक शत प्रतिशत किया जाना सुनिश्चित करे।

## तम्बाकु उत्पादों से दूर रहने की शपथ दिलवाई

**पाली।** जिला प्रशासन तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में युवाओं को तम्बाकू से दूर रखने हेतु उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से सचांलित किये जा रहे 60 दिवसीय टोबैको फ्री यूथ कैम्पेन 2.0 की कड़ी में शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर लोढा स्कूल परिसर में संचालित रूकमा देवी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में प्रशिक्षण ले रही महिला शिक्षिकाओं को तम्बाकु से होने वाले गम्भीर दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई तथा सिगरेट एवं अन्य तम्बाकु उत्पाद अधिनियम के बारे में बताया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विकास मारवाल ने बताया कि शुक्रवार को आयोजित जागरूकता कार्यक्रम के दौरान ए.एन.एम. प्रशिक्षण केन्द्र के प्रधानाचार्य एवं तम्बाकु मुक्ति केन्द्र के सायकोलोजिस्ट के. सी. सैनी ने कार्यक्रम में उपस्थित भावी शिक्षिकाओं का आव्हान किया कि आज हम प्रण करें कि हम आजीवन तम्बाकू सेवन नहीं करेंगें तथा इस बाबत अन्य लोगों को भी जानकारी प्रदान कर उन्हें जागरूक करेंगें। इस कड़ी में हम सभी के द्वारा गम्भीर प्रयास किये जाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में जानकारी देते हुये के.सी. सैनी ने बताया कि पाली जिले में लगभग 4 लाख वयस्क तम्बाकु उत्पादों का उपयोग करते हैं तथा प्रतिदिन ये लोग लगभग 2 करोड़ रूपये के तम्बाकु उत्पादों का क्रय करते हैं, यद्दिप इन मौतों को रोका जा सकता है।

- **तम्बाकु के गम्भीर दुष्परिणामों के बारे में शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों किया जागरूक**

## कारागृह का आकस्मिक निरीक्षण

**पली ।** माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार श्री विक्रम सिंह भाटी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला न्यायाधीश), पाली द्वारा आज जिला कारागृह, पाली का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 91 बन्दी जिला कारागृह, पाली में निरूद्ध मिले। निरीक्षण के दौरान सचिव भाटी द्वारा बन्दीगण से वार्तालाप कर कारागृह में भोजन, चिकित्सीय सुविधा, पेयजल, सफाई व्यवस्था इत्यादि के संबंध में जानकारी ली गई। कारागृह में निरूद्ध बन्दियों द्वारा पौष्टिक एवं पर्याप्त मात्रा में भोजन उपलब्ध करवाये जाने तथा अन्य व्यवस्थाएं सही होना बताया। इसके अतिरिक्त कोई भी बन्दी निजी अधिवक्ता करने में असमर्थ हो अथवा विधिक सहायता के अभाव में बिना अधिवक्ता के कारागृह में निरूद्ध ना रहे, इस हेतु प्राधिकरण सचिव श्री विक्रम सिंह भाटी द्वारा कारागृह में बन्दीगण को निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी गई।

## माँ आशापूर्णा के दरबार में लगे जयकारे, 55 वी यात्रा पहुंची

**पोकरण, (कासं)।** पोकरण शक्ति व भक्ति स्थल मां आशापुरा के दरबार में हर वर्ष की भांति शरद पूर्णिमा के अवसर पर स्थित प्रसिद्ध शक्ति पीठ मां आशापुरा मंदिर में श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ पड़ा। बीकानेर से हजारों देवी भक्त पुजारी बाबा के नेतृत्व में तीन दिवसीय देव दर्शन यात्रा के दौरान बुधवार सुबह बसों 151 बसे और निजी वाहनों के जरिए माँ का दरबार मे आशापुरा के जयकारे लगाकर पूजा अर्चना कि, वही मंदिर परिसर में मां के भक्तों द्वारा भजन कीर्तन कर मां आशापुरा के गुणगान गए गये।

जिससे मंदिर परिसर में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। देव दर्शन यात्रा कार्यक्रम के आयोजन पुजारी बाबा ने जानकारी देते हुए बताया कि देव दर्शन का यह 55 वाधार्मिक यात्रा है, यात्रा के दौरान बसों में आने वाले भक्तों से न्यूनतम दर पर करे वसूल किया जाता है एवं छोटे बच्चों एवं अविवाहित लडकियों का किराया नहीं लिया जाता है, वही यात्रा के दौरान ठहरने एवं खान की व्यवस्था पुजारी बाबा द्वारा अपने स्वयं के खर्चे द्वारा धार्मिक यात्रा भक्तों को कराई जाती है। 15 से 17अक्टुबर की शाम को बीकानेर में सम्पन्न हुई, यह देव दर्शन यात्रा, धार्मिक उत्साह और आस्था से ओत-प्रोत भक्तों को लेकर विभिन्न धार्मिक स्थलों से होते हुए पोकरण पहुंची।

इस यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने कुटुंबकेश्वर भैरजी, बापके भैरूजी, रामदेवरा बाबाके दर्शन, एवं प्रसादी की कढाई की गई, बुधवार सुबह रामदेवरा से मां आशापुरा के दरबार से रवाना होकर फलोदी के लटियाल माता मंदिर की पूजा अर्चना के साथ ही कोलायत के कपिल मुनि सरोवर में भक्तों द्वारा नहाने के बाद अन्य कई धार्मिक स्थानों के दर्शन किए।मंदिर परिसर में भक्तों ने विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया ।मंदिर परिसर मेपूजा-अर्चना करते भक्तों और दर्शन के लिए लगी लंबी कतारेलगी, हर साल शरद पूर्णिमा पर इस विशेष यात्रा का आयोजन किया जाता है,जिसमें भक्तों को विभिन्न पवित्र स्थलों के दर्शन कराए जाते हैं।

- **पोकरण शक्ति व भक्ति स्थल मां आशापुरा के दरबार में हर वर्ष की भांति शरद पूर्णिमा के अवसर पर स्थित प्रसिद्ध शक्ति पीठ मां आशापुरा मंदिर में श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ा**

## संभाग स्तरीय नवम अमृता हाट का आयोजन जोधपुर में किया जायेगा

**जोधपुर ।** संभाग स्तरीय नवम अमृता हाट का आयोजन 21 से 27 अक्टूबर तक अरबन हाट परिसर, पाली रोड़, जोधपुर में किया जायेगा। महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित, मूल्य संवर्धित उत्पादों के विपणन के लिए संभाग स्तरीय अमृता हाट में राज्य के विभिन्न जिलों से स्वयं सहायता समूह द्वारा 80 स्टॉल्स लगाई जायेगी।

मेले में भाग लेने वाली स्वयं सहायता समूह सदस्यों को विभाग की ओर से निःशुल्क स्टॉल्स, आवासीय व्यवस्था, भोजन एवं यात्रा भत्ता उपलब्ध करवाया जायेगा। अमृता हाट का समय प्रातः 10.00 बजे से रात्रि 09.00 बजे तक होगा जिसमें प्रवेश व पार्किंग की व्यवस्था निःशुल्क रहेगी। हाट में ग्राहक द्वारा न्यूनतम 500 रूपये तक के उत्पाद क्रय करने पर लक्की ड्रॉ की व्यवस्था होगी जिसमें प्रतिदिन ड्रॉ के 3 लक्की विजेताओं को 500, 300, 200 रूपये की निःशुल्क खरीददारी विभाग द्वारा करवाई जायेगी।

महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक फरसाराम विश्नोई ने बताया कि अमृता हाट में विभागीय महिला स्वयं सहायता समूहों, उद्योग विभाग, राजीविका, एनयूएलएम द्वारा गठित महिला स्वयं सहायता समूहों एवं महिला आर्टिजन द्वारा निर्मित हैण्डीक्राफ्ट उत्पाद जैसे लाख की चूड़ीया, मोजड़ी, पेपरमेशी, आर्टिफिशियल फ्लोवर्स, टोराकोटा, आर्टिफिशियल ज्वैलरी, उनी व सूती रेडिमेड गारमेंट, कशीदाकारीयुक्त, चिकन जरी, पेचवर्क, कांच जड़ाई, वुडन क्राफ्ट, मार्वल की कलात्मक वस्तुएं आदि के हस्त निर्मित उत्पाद, बंधेज, लहरियां, मोतड़ा, कोटाडोरियां की साड़िया, सलवार शूट, रोहट/सालावास की दरियां व चद्दरे, बाड़मेर की अजरख प्रिन्ट चद्दरें, गुजराती सामान, देवी-देवताओं की पोशाकें, कश्मीरी वूलन गारमेंट, ड्राई फ्रूट्स, सोजत की मेहन्दी, खाद्य उत्पादों में अंथाना की मिर्ची का अचार, मुरब्बा, मसालें, पापड़ मंगोड़ी, सूखी सब्जीयां आदि उपलब्ध रहेंगे। ये समस्त उत्पाद विभिन्न वेरायटी व पर्याप्त मात्रा में उचित मूल्य पर बिक्री के लिए उपलब्ध रहेंगे। मेले में फूड कोर्ट की सुविधा रहेगी जिसमें इडली डोसा, पानी-पुड़ी, चाट-मसाला, पाव-भाजी, चाउमीन, डाबेली, जूस, आईसक्रीम, व अन्य चटपटे खाद्य पदार्थ उपलब्ध होगे। हाट स्थल पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ सेल्फी पॉइंट स्थापित किया जायेगा। साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, घूंघट मुक्त राजस्थान अभियान के तहत घूंघट प्रथा को समाप्त करने हेतु जागरूकता कार्यशाला व अन्य विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार व जागरूकता संबंधी गतिविधियां व संगोष्ठी आयोजित की जायेगी।

- **अमृता हाट में महिलाओं द्वारा निर्मित हस्तशिल्प उत्पाद होंगे आकर्षण के केन्द्र**

## स्वरोजगार ऋण के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित 22 तक

**जालोर, (कासं)।** राजस्थान अनुसूचित जाति, जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड (अनुजा निगम) द्वारा राष्ट्रीय निगम ऋण योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में ऋण के लिए अनुजा निगम पोर्टल पर अंतिम तिथि 31 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

अनुजा निगम के परियोजना प्रबंधक राजीव कुमार सुथार ने बताया कि अनुजा निगम द्वारा अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, दिव्यांगजन, सफाई कर्मचारी वर्ग व समुदाय जाति के व्यक्तियों को राष्ट्रीय निगमों से रियायती ब्याज दर पर स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध करवाये जाने का प्रावधान है। जिसमें विभिन्न ऋण योजनाओं के माध्यम से आवेदकों को कम्प्यूटर सेंटर, जूतों की दुकान, मिट्टी के बर्तन, बिजली एवं इलेक्ट्रोनिक सामान की मरम्मत दुकान, प्लम्बिंग, मोबाईल फोन मरम्मत दुकान, खाद बीज दुकान, फोटो कॉपियर, स्टेशनरी की दुकान, नाई की दुकान, ब्यूटी पार्लर, लुहारी कार्य, किराणा दुकान, हस्तशिल्प एवं दस्तकारी सामान की दुकान, मिट्टी के बर्तन बनाना, सिले-सिलाए या रेडीमेंट वस्त्रों की दुकान, सिलाई, दूध डेयरी, पिको काशीदाकारी एवं अन्य इसी प्रकार के अन्य स्वरोजगार व व्यापारिक कार्य के लिए ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। उन्होंने बताया कि स्वरोजगार ऋण के लिए आवेदक राजस्थान का मूल निवासी होना चाहिए तथा आवेदक संबंधित पात्र वर्ग का होना चाहिए तथा उसकी आयु 18 से 60 वर्ष के मध्य होनी चाहिए।

## वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत विशेष रेलगाड़ी होगी रवाना

**जालोर, (कासं)।** देवस्थान विभाग की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2024 के तहत 22 अक्टूबर को दोपहर 12.30 बजे जवाई बांध रेलवे स्टेशन से विशेष रेलगाड़ी हरिद्वार-ऋषिकेश-अयोध्या ट्रेन रवाना होगी।

देवस्थान विभाग राजस्थान जोधपुर के सहायक आयुक्त ओमप्रकाश पालीवाल ने बताया कि वरिष्ठ नागरिक तीर्थ योजना-2024 के तहत 22 अक्टूबर को इस यात्रा गाड़ी में जवाई बांध रेलवे स्टेशन से 250, अजमेर रेलवे स्टेशन से 250 एवं जयपुर रेलवे स्टेशन से 280 यात्री सहित कुल 780 यात्री सवार होंगे। इन 780 यात्रियों को तीनों रेलवे स्टेशन पर पहुँचने के लिए सूचित किया जा रहा हैं। ताकि वे समस्त प्रक्रिया समय पर पूर्ण कर सकें। देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त जोधपुर के अधीन जिलों के यात्रियों को जवाई बांध रेलवे स्टेशन पर प्रातः 7.30 बजे, सहायक आयुक्त अजमेर डिविजन के यात्रियों को अजमेर रेलवे स्टेशन पर प्रातः 10.30 बजे तथा सहायक आयुक्त जयपुर प्रथम व द्वितीय डिविजन के यात्रियों को जयपुर रेलवे स्टेशन पर दोपहर 1.30 बजे रिपोर्ट करनी होगी। यात्रा के दौरान यात्रियों की देखरेख के लिए 1 ट्रेन प्रभारी, प्रत्येक कोच में 2 सरकारी कर्मचारियों को अनुदेशक व चिकित्सा व्यवस्था के लिए 1 डॉक्टर व 2 नर्सिंग अधिकारी रहेंगे, जो यात्रियों के स्वास्थ्य का ध्यान रखेंगे। उन्होंने बताया कि रेलगाड़ी में वर्ष 2024-25 के साथ-साथ वर्ष 2023-24 के उक्त जिलों के अवशेष तीर्थ यात्रियों को प्राथमिकता दी जाकर व्यक्तिशः दूरभाष एवं संदेश के माध्यम से सूचित किया जा रहा है। जिला जालोर एवं सांचौर के सफल चयनित तीर्थ यात्री विजय कुमार के मो.नं. 9252924831 पर सम्पर्क कर अग्रिम पूछताछ कर सकते हैं। यात्री को अपने साथ ऑनलाइन भरे गये आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी (मय प्रमाणित चिकित्सीय प्रमाण पत्र), मूल जनाधार कार्ड, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साईज फोटो अनिवार्य रूप से अपने साथ लाने होंगे साथ ही दैनिक उपयोग की सामग्री आवश्यक औषधियाँ, व्यक्तिगत आवश्यकता के लिए नकदी, कपड़े) लाने होंगे। ट्रेन में 6 दिन तक यात्रियों के आवास, भोजन इत्यादि की समस्त व्यवस्थाएँ देवस्थान विभाग,राजस्थान सरकार द्वारा की जायेगी तथा यात्रियों के लिए यात्रा पूर्णतः निःशुल्क रहेगी।

- **22 अक्टूबर को दोपहर 12.30 बजे जवाई बांध रेलवे स्टेशन से विशेष रेलगाड़ी हरिद्वार-ऋषिकेश-अयोध्या ट्रेन रवाना होगी**

## बैठक का हुआ आयोजन

**पाली ।** शहर के हाउसिंग बोर्ड स्थित सेठ मुरलीधर जमनादास वारदान वाले राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हाउसिंग बोर्ड में शुक्रवार को विधालय विकास एवं प्रबंधन समिति कर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे विधालय विकास को लेकर विभिन्न प्रस्ताव लिए गए।

प्राचार्य शांति चौहान ने बताया कि इस मौके पर समाजसेवी बरखा जैन एवं विकास जैन ने कक्षा प्रथम से बारहवी तक के होनहार विधार्थियो को आकर्षक उपहार देकर उनका मनोबल बढाया। विधायक प्रतिनिधि प्रमोद त्रिवेदी ने विधालय विकास मे पूर्ण सहयोग देने के साथ ही टीनशैड निर्माण करवाने पर सहमति जताई। उन्होने कहा कि बरसात कि दिनो मे विधालय प्रांगण मे बरसाती पानी जमा होने से प्रार्थना सभा समेत अन्य कार्य प्रभावित होते है ऐसे मे शीघ्र ही निर्माण कार्य करवाया जाएगा। बैठक के दौरान आगामी दिनो मे स्वच्छता अभियान चलाने, शैक्षिणक भ्रमण, स्मार्ट क्लाश भवन का नवीनीकरण,प्रभावी शिक्षण कार्य का प्रस्ताव लिया गया। दाल बाटी का चखा स्वाद - बैठक के दोरान एस.एम.सी एवं एस.डी.एम.सी सदस्यो ने विधालय मे आने वाले पोषाहार के तहत दाल बाटी का स्वाद चखा। इस मोके पर एस.एम.सी अध्यक्ष विमला भाटी, एस.डी.एम.सी. सचिव एवं व्याख्याता जूंजाराम पटेल, मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह परिहार, मीठालाल स्नेहा चौधरी, सोना सिंधी, तेज कंवर राठौड, कनिष्ठ सहायक सरोज सैन,संजय कुमार सैन आदि मौजूद रहे।

## जनसुनवाई कलेक्टर ने सुनी आमजन की समस्यायें समाधान के लिये दिये निर्देश

**पाली ।** जन भावना के अनुरूप पारदर्शी, संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं/समस्यों की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए प्रतिमाह अनुसार त्रिस्तरीय जनसुनवाई की जाती है । इसके तहत गुरूवार को जिला कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से हुआ। इस अवसर पर जयपुर से मुख्य सचिव व अन्य अधिकारी वर्चुअली प्रदेश के सभी जिलों में आयोजित हो रही जिला स्तरीय जनसुनवाई में जुड़े।

जनसुनवाई में जिला कलक्टर एलएन मंत्री ने जनसुवाई करते हुये कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित ,गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें और उन्हें राहत प्रदान करें। इस अवसर पर आये हुये लोगों की सुनवायी की और निस्तारण के लिये संबधित अधिकारियों को निर्देश दिये।

**सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों के निस्तारण के लिये दिये निर्देश:**

जिला कलक्टर ने सम्पर्क पर दर्ज प्रकरणों की समीक्षा कर उनके निस्तारण के लिये सभी अधिकारियों को निर्देश दिये और कहा कि सम्पर्क दर्ज प्रकरणों का समयबद्व निस्तारण करे।

**जनसुनवाई में कुल 7 प्रकरणों का निस्तारण कुल 58 प्रकरण आए:**

जनसुनवाई में कुल 58 प्रकरण आए जिसमे से 2 प्रकरणो का हाथों हाथ निस्तारण किया गया व शेष रहे प्रकरणों को सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिये। जनसुनवाई में, स्वायत्त शासन से जुड़े 14 प्रकरण, राजस्व के 13 , पुलिस के 2 , विजिलेंस का 1,, बिजली का 2, जलदाय विभाग का 2, ग्रामीण विकास के 6, कोष का 2, सिंचाई , शिक्षा का 1 ,मेडिकल के 2 , आरपीसीबी का 1, डूईट का 1, रीको का 1, यूआईटी के 2, विजिलेंस का 1, सांख्यिकी का 1, प्रकरण जनसुनवाई में आये मामलों पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को जल्द ही समाधान के निर्देश दिए।

**सतर्कता समिति की बैठक 5 प्रकरणों का निस्तारण, कुल 9 रखेः**

जिला कलेक्टर एलएन मंत्री ने आयोजित जिला सतर्कता समिति की बैठक में 5 प्रकरणों का निस्तारण किया व कुल 9 प्रकरणों की सुनवाई की अन्य मामलों में संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के दिशा निर्देश प्रदान किये।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन डॉ बजरंग सिंह, अतिरिक्त जिला कलेक्टर, सीलिंग भवानी सिंह, जिला परिषद सीईओ मुकेश चौधरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विपिन शर्मा, नगर निगम आयुक्त, नवीन भारद्वाज व अन्य विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित व पाली ब्लाक लेवल अधिकारी वीसी से जुडे।




जिला कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से हुआ।

- **जनसुनवाई में 7 का सर्तकता समिति में 5 प्रकरणों का निस्तारण**

## 'समस्याओं का निस्तारण करे अधिकारी'

**जोधपुर, (कासं)।** नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग के राज्यमंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार आमजन की परिवेदनाओं के निस्तारण के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता एवं समर्पित भाव से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारा ध्येय है कि प्रदेश में अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति की समस्या का समाधान हो और उन्हें राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले। साथ ही, उन्होंने अधिकारियों को प्राप्त होने वाली समस्याओं का समय पर त्वरित निस्तारण कर गुड गवर्नेंस का संदेश देने के लिए भी निर्देशित किया।नगरीय विकास एवं स्वायत शासन मंत्री खर्रा ने शुक्रवार को सर्किट हाऊस में जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परिवेदनाओं का समय पर निस्तारण नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। साथ ही, उनके विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।सर्किट हाऊस में जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में जोधपुर एवं आस पास के क्षेत्रों से ग्रामीण पहुंचे। इस दौरान फरियादियों ने जमीन का कब्जा, त्यादि से संबंधित परिवेदनाएं मंत्री खर्रा को सौंपी जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को परिवेदनाओं के त्वरित निराकरण के लिए दूरभाष पर निर्देश दिये।